हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

तेरहवां सत्र

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

शनिवार, 21 नवम्बर, 2026/30, कार्तिक, 1948 (शक्)

[मुख्य मंत्री - उप-मुख्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - कृषि मंत्री - उद्योग मंत्री - राजस्व मंत्री - शिक्षा मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री - लोक निर्माण मंत्री - नगर एवं ग्राम योजना मंत्री - आयुष मंत्री].

कुल प्रश्न - 18

सड़क निर्माण

2040 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बंजार):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) बंजार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक प्रदेश बजट के तहत किन-किन सड़कों के निर्माण कार्य हेतु धनराशि स्वीकृति की गई; ब्यौरा स्वीकृत धनराशि, कार्य की अद्यतन स्थिति सहित सड़कवार दें; और

(ख) इस अवधि में अनुसूचित जाति उप-योजना के तहत किन-किन सड़कों के निर्माण हेतु स्वीकृति दी गई; सड़कवार ब्यौरा दें?

नए ट्रांसफार्मर

2041 श्री सुरेन्द्र शौरी (बंजार):

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत दो वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक बंजार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितने नए ट्रांसफार्मर लगाए गए तथा कितनों को स्तरोन्नत किया गया नए एवं स्तरोन्नत ट्रांसफार्मरों का ब्यौरा तिथि एवं स्थानवार दें; और

(ख) गत वित्तीय वर्ष के दौरान इस निर्वाचन क्षेत्र में किन-किन स्थानों पर नए ट्रांसफार्मर लगाने एवं स्तरोन्नत करने का लक्ष्य है; ब्यौरा दें?

सड़क दुर्घटनाएं

2042 श्री सुख राम चौधरी (पांवटा साहिब):

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत दो वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक प्रदेश में कितनी सड़क दुर्घटनाएं हुईं तथा इनमें कितने व्यक्तियों की मृत्यु हुई; ब्यौरा वर्ष एवं जिलावार दें;

(ख) दिनांक 01.11.2026 तक सड़क दुर्घटनाओं में मृत व्यक्तियों के आश्रितों को कितना-कितना मुआवजा अथवा राहत राशि प्रदान की गई; ब्यौरा जिलावार दें; और

(ग) दिनांक 01.11.2026 तक कितने मृतकों के आश्रित परिवारों को मुआवजा राशि प्रदान नहीं की गई है; ब्यौरा कारणों सहित दें; लंबित मुआवजा राशि का भुगतान कब तक कर दिया जाएगा; ब्यौरा निर्धारित समय-सीमा सहित दें?

इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख-सम्मान निधि योजना

2043 श्री सुख राम चौधरी (पांवटा साहिब):

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख-सम्मान निधि योजना के तहत प्रदेश में प्राप्त, स्वीकृत, अस्वीकृत एवं लंबित आवेदनों का जिलावार ब्यौरा दें; और

(ख) शेष पात्र महिलाओं को इस योजना का लाभ कब तक प्रदान कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

सिंचाई योजनाएं

2044 कुमारी अनुराधा राणा (लाहौल और स्पिति):

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 01.11.2026 तक जल शक्ति मण्डल केलांग एवं काजा के अंतर्गत उठाऊ जल सिंचाई योजना, बहाव सिंचाई योजना तथा साइफन योजना के तहत ऐसी कितनी बजट परियोजनाएं हैं जिनका कार्य 70 प्रतिशत से अधिक पूर्ण किया जा चुका है परन्तु धनराशि के अभाव के कारण ये पूर्ण नहीं हो पा रही हैं; ब्यौरा मण्डलवार दें; और

(ख) सरकार इन परियोजनाओं को पूर्ण करने हेतु कब तक धनराशि का प्रावधान करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

परियोजनाएं

2045 कुमारी अनुराधा राणा (लाहौल और स्पिति):

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 01.11.2026 तक लोक निर्माण विभाग मण्डल उदयपुर तथा काजा के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में ऐसी कितनी परियोजनाएं हैं जिनका कार्य 70 प्रतिशत से अधिक पूर्ण हो चुका है परन्तु धनराशि/बजट के अभाव के कारण ये परियोजनाएं पूर्ण नहीं हो पा रही हैं; ब्यौरा मण्डलवार दें; और

(ख) सरकार इन परियोजनाओं को पूर्ण करने हेतु कब तक धनराशि का प्रावधान करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

दवाइयों की उचित व्यवस्था

2046 कुमारी अनुराधा राणा (लाहौल और स्पिति):

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि जिला लाहौल और स्पिति के खण्ड गोंधला के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, स्वास्थ्य उप-केंद्रों, नागरिक एवं क्षेत्रीय अस्पताल में दवाइयों की उचित व्यवस्था नहीं है; यदि हां, तो सरकार द्वारा इस हेतु क्या पग उठाए जा रहे हैं; ब्यौरा दें?

क्रिटिकल केयर यूनिट

2047 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) बड़सर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत स्वीकृत क्रिटिकल केयर यूनिट का निर्माण कार्य शुरू न होने के क्या कारण हैं;

(ख) इस क्रिटिकल केयर यूनिट के निर्माण हेतु सरकार द्वारा क्या-क्या पग उठाए जा रहे हैं; प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति, भूमि हस्तांतरण तथा निविदा प्रक्रिया की अद्यतन स्थिति का ब्यौरा दें; और

(ग) इसका निर्माण कार्य कब तक शुरू किया जाना प्रस्तावित है; ब्यौरा दें?

स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितों को रोजगार

2048 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में प्रदेश में सरकारी नौकरियों में स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितों हेतु आरक्षित पदों का कितना बैकलॉग लंबित है; विभागवार ब्यौरा दें; और

(ख) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक कितने स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितों को रोजगार प्रदान किया गया; कितने पद रिक्त हैं; विभागवार ब्यौरा दें?

ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग

2049 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या हिमाचल प्रदेश समग्र शिक्षा अभियान के निर्देश संख्या EDN-ISSE (18)-01/2019-20-VOC-DIETS 8716 दिनांक 11.08.2023 के अनुसार प्रत्येक व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त विद्यार्थी हेतु न्यूनतम 80 घण्टे की ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग अनिवार्य है; यदि हां, तो शैक्षणिक सत्र 2025-26 में केवल 92 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देने तथा अन्य विद्यार्थियों को इससे वंचित रखने के क्या नियम एवं मापदंड हैं; ब्यौरा दें;

(ख) शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रशिक्षण प्राप्त एवं वंचित विद्यार्थियों का जिला एवं ट्रेडवार ब्यौरा दें;

(ग) यह सत्य है कि Paradise Company को प्रति विद्यार्थी प्रतिदिन ₹4,900 का भुगतान किया गया है; यदि हां, तो कम्पनी की चयन प्रक्रिया एवं अनुबंध की शर्तों का ब्यौरा दें;

(घ) प्रशिक्षण पर व्यय धनराशि तथा कंपनी को किए गए भुगतान का जिलावार एवं मदवार ब्यौरा दें; और

(ङ) क्या 80 घण्टे के प्रशिक्षण को 40 घण्टे तक सीमित करने अथवा चयन के आधार पर प्रशिक्षण देने से विद्यार्थी व्यावहारिक प्रशिक्षण से वंचित हो रहे हैं; यदि हां, तो सभी पात्र विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देने हेतु क्या पग उठाए जाएंगे; ब्यौरा दें?

बी0ए0एस0पी0

2050 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 01.11.2026 तक रोहडू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में बी0ए0एस0पी0 के तहत विभिन्न विभागों में कौन-कौन सी योजनाएं लम्बित हैं व इस हेतु कितनी धनराशि प्राप्त हुई; ब्यौरा दें?

लम्बित योजनाएं

2051 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 01.11.2026 तक रोहडू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत जल शक्ति विभाग की ऐसी कितनी योजनाएं लम्बित हैं जिनका कार्य पचास प्रतिशत से अधिक हो चुका है व ऐसी कितनी योजनाएं हैं जो धनराशि के अभाव से लम्बित हैं; ब्यौरा दें?

पौधरोपण

2052 श्री त्रिलोक जम्वाल (बिलासपुर):

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत दो वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक बिलासपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितनी बार व किन-किन स्थानों पर पौधरोपण किया गया व कितने पौधे लगाए गए तथा दिनांक 01.11.2026 तक कितने पौधे जीवित व कितने खत्म हो चुके हैं; ब्यौरा कारणों सहित दें?

ऋण

2053 श्री त्रिलोक जम्वाल (बिलासपुर):

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक सरकार ने किस-किस संस्था से कितना-कितना ऋण कब-कब लिया; ऋण की धनराशि का ब्यौरा संस्था के नाम, सरकार के खाते/कोषागार में धनराशि आने की तिथि सहित दें; और

(ख) उपरोक्त ऋण की धनराशि को प्रदेश सरकार द्वारा किस-किस कार्य/योजना हेतु व्यय किया गया; धनराशि का ब्यौरा योजनावार/कार्य के नाम सहित पृथक-पृथक दें?

कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड

2054 श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर):

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड के निदेशक मंडल की वर्षवार कितनी बैठकें आयोजित हुईं; अंतिम बैठक की तिथि क्या थी तथा इस बैठक में पारित प्रमुख प्रस्तावों का ब्यौरा दें;

(ख) क्या दिनांक 12.09.2025 को निदेशक मंडल को निलंबित किया गया था; यदि हां, तो नाबार्ड की जांच रिपोर्ट में पाई गई वित्तीय व प्रशासनिक अनियमितताओं तथा संबंधित आदेशों का ब्यौरा दें;

(ग) निलंबन के उपरांत वर्तमान में बैंक का संचालन किस प्रशासक व प्रबंध निदेशक द्वारा किया जा रहा है तथा नए निदेशक मंडल के चुनाव हेतु की गई कार्रवाई व विलंब के क्या कारण हैं; और

(घ) नाबार्ड की रिपोर्ट के आधार पर जिम्मेदार अधिकारियों को जारी कारण बताओ नोटिस, की गई कार्रवाई तथा प्रशासकीय अवधि में हुए ऋण वितरण, गैर-निष्पादित परिसंपत्ति, नियुक्तियों व वित्तीय निर्णयों के ऑडिट की अद्यतन रिपोर्ट का ब्यौरा दें?

आपराधिक मामले

2055 डॉ0 जनक राज (भरमौर):

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक प्रदेश में कितने आपराधिक मामले दर्ज हुए

तथा वर्षवार अपराध दर में कितनी वृद्धि अथवा कमी आई;

(ख) इस अवधि में हत्या, बलात्कार, महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध अपराध, नशा तस्करी, चोरी तथा साइबर अपराधों का वर्षवार ब्यौरा दें; और

(ग) अपराध नियंत्रण हेतु सरकार ने क्या पग उठाए तथा वर्षवार कितने मामलों में आरोप-पत्र दाखिल कर दोषियों को सजा दिलाई गई?

लंबित भुगतान

2056 डॉ0 जनक राज (भरमौर):

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि भरमौर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के पांगी एवं भरमौर खण्ड के लोक निर्माण विभाग में ठेकेदारों का कितना भुगतान लंबित है; लोक निर्माण खण्ड, मद एवं वर्षवार लंबित भुगतानों का ब्यौरा दें तथा सरकार द्वारा लंबित भुगतानों की अदायगी कब तक कर दी जाएगी?

Vacant Post

2057 Sh. Vinod Sultanpuri (Kasauli):

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state :-

(a) the institution-wise list of officers/staff (doctors, specialists, nursing, paramedical, ministerial) posted in hospitals, CHCs, PHCs, dispensaries and ESI hospitals in Kasauli Assembly Constituency, along with their names, designations, specializations, present joining dates, current tenure, previous postings and previous durations;

(b) institution-wise and category-wise details of sanctioned, filled and vacant posts along with details of transfers to/from these institutions over the last three years, including instances of staff transferred out without replacement appointments; and

(c) whether the Government proposes to fill the existing vacancies; if so, by when?

Shimla: 171004. **Yash Paul Sharma,**

17 November, 2026. **Secretary.**